RAF SECTOR
NEWS CLIP
11/09/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Anant News , Jaipur (R.J)

रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

अनंत न्यूज राजस्थान

आमेर 83 बटालियन, द्रुत कार्य बल, रामगढ़ रोड लालवास, जयपुर कैम्पस में केन्द्रीय खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं महानिदेशालय, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर प्रवीण कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन कोविड-19 महामारी के सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सिंह ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई फिट इडिया फ्रीडम रन योजना के बारे में अवगत करवाते हुए बताया कि फिट इंडिया फ्रीडम रन योजना 15 अगस्त, 2020 से 02 अक्टूबर, 2020 तक चलाई जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के लोगों को फिट करना तथा मोटापे, आलस्य, तनाव, चिंता, बीमारियों आदि से मुक्ति दिलाना है। साथ ही बताया कि इस दौड़ को कही भी एवं कभी भी आयोजित किया जा सकता है। सभी अपनी इच्छा के अनुसार अपनी पसंद के रूट पर दौड़ करें, दौड़ के फोटोग्राफ तथा वीडियो सूट करें एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों को भी दौड़ने हेतु प्रेरित करें। महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी ने सभी जवानों को अपने समय में दौड़ करने एवं उनके द्वारा की गई दौड का विवरण फिट इंडिया ऐप या वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी, बटालियन के सभी राजपत्रित अधिकारी के, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।